Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding wage revision of employees in SAIL.

श्री विजय बघेल (दुर्ग): महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूँ कि सेल के वेज रिवीजन का जो मामला रूका हुआ है, उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

महोदय, सेन्ट्रल पब्लिक एंटरप्राइजेज के एक्जीक्यूटिव का वेज रिवीजन आदेश डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज के द्वारा वर्ष 2017 में जारी किया गया था, जिसके तहत 01.01.2017 की वेज रिवीजन की कंडीशन में अफोर्डेबिलिटी क्लॉज के कारण पिछले 3 सालों के प्रॉफिट बिफोर टैक्स का एवरेज पॉजिटिव होना चाहिए।

हालांकि सेल पिछले 15 वर्षों में, वर्ष 2006-07 से वर्ष 2019-20 तक के अंतराल में 12 साल प्रॉफिट टैक्स पॉजिटिव रहा है और लगभग 55, 483 करोड़ रुपए प्रॉफिट बिफोर टैक्स अर्जित किया है। परन्तु स्टील इंडस्ट्री वर्ष 2015-16 से विदेशी स्टील डम्पिंग की वजह से वर्ष 2015-16, 2016-17, 2017-18 में नुकसान में थी। इस वजह से अफोर्डेबिलिटी क्लॉज होने की वजह से अभी तक वेज रिवीजन नहीं हो पाया है। सेल के लगभग 70 हजार कर्मचारी, अधिकारी बेसब्री से वेज रिवीजन का इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि वर्तमान में पिछले तीन सालों का प्रॉफिट बिफोर टैक्स पॉजिटिव (5,750 करोड़ रुपये) रहा है।

सेल ने वर्ष 2010 में लगभग 70 हजार करोड़ रुपये का निवेश कैपेसिटी एक्सपेंशन के लिए किया है एवं राष्ट्रीय स्टील डिमांड को पूरा करने में हमेशा अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन किया है। इस वर्ष वैश्विक महामारी कोविड के समय मे भी सेल ने पहली तिमाही में 23 मिलियन टन की बिक्री करते हुए 1,985 करोड़ रुपये प्रॉफिट बिफोर टैक्स अर्जित किये हैं।

माननीय सभापति: आप अपनी माँग रखिए।

श्री विजय बघेल: सेल ने निरन्तर अपने उत्पादों की बिक्री, लागत, नियंत्रण एवं स्पेशल स्टील में बहुत ध्यान दिया है। सेल कर्मचारी हमेशा ही बहुत लगन एवं मेहनत से कार्य करते हैं।

माननीय सभापति : डॉ**.** जयसिधेश्वर शिवाचार्य स्वामीजी।